# वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com



सम्पर्क

ई-पेपर में खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818



वर्ष-1 अंक-136 | सागवाड़ा, रविवार, 16 जनवरी, 2022 | अवधिः हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


## बॉर्डर पर कोरोना गाइड लाइन के अनुसार जांच के बाद ही यात्रियों को प्रवेश देने के निर्देश

**डूंगरपुर।** राजस्थान पुलिस में भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड के आईजी संदीपसिंह चौहान रविवार को एक दिवसीय दौरे पर डूंगरपुर पहुंचे जहां उन्होंने राजस्थान-गुजरात की सीमा रतनपुर बॉर्डर के हालात का जायजा लेते हर बॉर्डर पर कोरोना गाइड लाइन के अनुसार सघन जांच के बाद ही यात्रियों को प्रवेश देने के निर्देश दिए। आईजीपी संदीपसिंह चौहान के साथ डूंगरपुर कलेक्टर सुरेश कुमार ओला, एसपी सुधीर जोशी भी मौजूद रहे। आईजी ने गुजरात, महाराष्ट्र समेत देशभर में अलग-अलग जगहों से आने वाले लोगों के राजस्थान की सीमा में प्रवेश से पहले कोविड प्रोटोकॉल की पालना करवाने के निर्देश दिए।

इस दौरान कलेक्टर सुरेश कुमार ओला ने बॉर्डर पर एहतियात के तौर पर किये जा रहे प्रयास के बारे में जानकारी दी। वहीं एसपी सुधीर जोशी ने कहा कि बॉर्डर पर रतनपुर चौकी के अलावा अतिरिक्त पुलिस बल को भी तैनात किया गया है जो लगातार बॉर्डर की निगरानी कर रहे है। इसके बाद आईजी, कलेक्टर व एसपी डूंगरपुर पंहुचे। एसपी ऑफिस में अधिकारियों के साथ बैठक लेते हुए कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए तमाम सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए। इसके बाद आईजी संदीपसिंह चौहान डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज के कोविड हॉस्पिटल पंहुचे ओर मेडिकल स्टाफ के साथ तीसरी लहर की तैयारियों के बारे में जानकारी ली।





# वीकेंड कर्फ्यू के कारण बाजारों में पसरा सन्नाटा

**सागवाड़ा।** कोरोना के बढ़ते संक्रमण के बीच डूंगरपुर में रविवार को तीसरी लहर का पहला वीकेंड कर्फ्यू रहा। कर्फ्यू के कारण शहर से लेकर उपखंड, तहसील, पंचायत समिति और गांवों में जरूरी सेवाओं को छोड़कर सब बंद रहा।

बाजारों में दुकानें नहीं खुलने से सड़कों पर सन्नाटा पसरा नजर आ रहा है। सरकार की ओर से जारी कोरोना गाइडलाइन के तहत वीकेंड कर्फ्यू की पालना सुनिश्चित की जा रही है। शहर व गांवों के प्रमुख चौराहों पर पुलिस के जवान तैनात किए गए है जो कि बेवजह घरों से निकलने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि आदेश में दूध, फल, सब्जी विक्रेता पर पाबंदी नहीं है, लेकिन उन्हें भी दुकान खोलने पर कोरोना गाइडलाइन का पालन करना होगा। जो लोग बेवजह घरों से निकलकर सड़कों पर आ रहे उन पर सख्ती बरती जा रही है।



## राजस्थान में 4 दिन ठिठुरन से राहत नहीं



**जयपुर।** राजस्थान में बीती रात 10 शहरों में पारा 5 डिग्री से नीचे आ गया। माउंट आबू में पारा -2 डिग्री चला गया। सर्द हवाओं से ठिठुरन और गलन भरी ठंड बढ़ गई है। वहीं, प्रदेश के आधे हिस्से में रविवार को घना कोहरा छाया रहा। पूर्वी राजस्थान में झुंझुनूं, सीकर, अजमेर, करौली, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, जयपुर, अलवर, भरतपुर, दौसा व धौलपुर जिले के कुछ हिस्सों और पश्चिमी राजस्थान में हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, चुरू, बीकानेर जिले के कई हिस्सों में जबर्दस्त कोहरे के चलते विजिबिलिटी काफी कम रही। जयपुर में बर्फीली हवाओं का सितम जारी है। हालांकि रविवार सुबह करीब 10 बजे बाद धूप निकली, लेकिन इसका असर कम ही रहा। यहां बीती रात को न्यूनतम तापमान 6 डिग्री दर्ज किया गया।

ठंड बढ़ने से लोग अंगीठी जलाकर हाथ सेंकते नजर आए। वीकेंड कर्फ्यू की वजह से ज्यादातर लोग बाहर नहीं निकले। मौसम विभाग केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा के अनुसार कोहरा का प्रभाव रविवार तक रहेगा। 17 जनवरी से कोहरा थोड़ा कम होगा। मौसम शुष्क बना रहेगा। आसमान में बादल छाए रहेंगे। इससे अगले तीन-चार दिनों तक सर्द हवाएं चलेंगी। शनिवार को सीकर व झुंझुनूं में शीतलहर चली। यहां ओरेंज अलर्ट जारी किया गया था।

# कोरोना संक्रमण को लेकर नगरपालिका सतर्क

## सागवाड़ा शहर में हाइपोक्लोराइट का किया गया छिड़काव

**सागवाड़ा।** सागवाड़ा नगर में बढ़ते कोरोना संक्रमण को देखते हुए सागवाडा नगरपालिका की ओर से प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी के तहत सागवाड़ा नगरपालिका की टीम की ओर से वीकेंड कर्फ्यू के दौरान सागवाड़ा की गलियों में हाइपोक्लोराइट का छिड़काव किया गया।जिले में कोरोना संक्रमण बढ़ता ही जा रहा है. शहर से लेकर देहात तक कोरोना ने लोगों को अपनी चपेट में लिया है। सागवाड़ा नगरपालिका की ओर से आज वीकेंड कर्फ्यू के दौरान शहर की गलियों में हाइपोक्लोराइड का छिड़काव किया गया। इस मौके पर सागवाड़ा नगरपालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया ने बताया की शहर में कुल 35 वार्ड हैं. सभी वार्डों में हाइपोक्लोराइट छिड़काव की आज से शुरुआत की गई है।



उन्होंने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से आज पुराने शहर के कलवाड़ा से होते हुए मोचीवाड़ा, खटीक वाडा, सलाट वाड़ा, पुजार वाड़ा होते हुए बोरवाड़ी, भोइवाड़ा, पटेलवाड़ा में हाइपोक्लोराइट का छिड़काव किया गया. फायर विभाग से राकेश पाटीदार, शांतिलाल मकवाना और सोमालाल ने नगर की सड़कें और दुकानों पर भी हाइपोक्लोराइड का छिड़काव किया गया. इसके अलावा माणक चौक, डाकबंगला और पुलिस स्टेशन पर भी हाइपोक्लोराइट का छिड़काव किया गया है।

सागवाड़ा पालिका के अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार मोहिल ने बताया कि क्षेत्र में सरकार के आदेश के अनुरूप काम किया जा रहा है. शहर के हर क्षेत्र में निगरानी रखी जा रही है। शहर में साफ-सफाई को लेकर भी सफाई कर्मचारियों ओर से पाबंद किया गया है. इसके अलावा शहर में बिना मास्क के घूम रहें लोगों पर भी जुर्माना लगाने के निर्देश दिय गए हैं।

## राजस्थान में 6 कोरोना मरीजों की मौत

**जयपुर।** राजस्थान में संडे को 10 हजार 6 नए कोविड संक्रमित मिले हैं, जबकि 6 मरीजों की मौत हो गई। जयपुर में 2, जालोर में 1, झालावाड़ में 1, राजसमंद में 1 और उदयपुर में 1 मौत रिकॉर्ड हुई है। प्रदेश में एक्टिव केस की संख्या बढ़कर 63 हजार 732 हो गई है। जयपुर में सबसे ज्यादा 1871 पॉजिटिव केस मिले हैं। इसके अलावा अलवर में 1026, जोधपुर में 909, उदयपुर में 734 संक्रमित मिले हैं। जिलेवार अजमेर में 292, अलवर में 1026, बांसवाड़ा में 113, बारां में 94, बाड़मेर में 458, भरतपुर में 542, भीलवाड़ा में 285, बीकानेर में 434, बूंदी में 44, चित्तौड़गढ़ में 293, चूरू में 178, दौसा में 95, धौलपुर में 120, डूंगरपुर में 197, गंगानगर में 292, हनुमानगढ़ में 327, जयपुर में 1871, जैसलमेर में 150, जालोर में 4, झालवाड़ में 77, झुंझुनूं में 28, जोधपुर में 909, करौली में 9, कोटा में 291 संक्रमित मिले हैं। नागौर में 83, पाली में 263, प्रतापगढ़ में 163, राजसमंद में 180, सवाईमाधोपुर में 148, सीकर में 113, सिरोही में 132, टोंक में 51, उदयपुर में 734 केस मिले हैं।

## गलियाकोट पुलिया के नीचे माही नदी में मिला अर्द्धनग्न शव

### टेप से बांधा था मुंह, मफलर से बांधे दोनों हाथ, शरीर पर चोट के निशान, शिनाख्त नहीं

**गलियाकोट।** गलियाकोट पुल के नीचे माही नदी में अज्ञात युवक का अर्द्धनग्न शव रविवार शाम पुलिस ने बरामद किया। फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। शव का मुंह पर एडहेसिव टेप से चिपकाया हुआ था, जबकि हाथ सफेद मफलर से बंधे हुए थे।

शरीर पर काले कलर का जैकेट पहना हुआ था, जबकि निचले हिस्से से पेंट गायब थी। शव से ताजे खून के निशान भी दिख रहे थे। घटना की सूचना पर बांसवाड़ा स्क्कराजेश कुमार मीणा, छ्रस्क्क सूर्यवीर सिंह राठौड़ भी मौके पर पहुंचे। स्थानीय थाने का स्टाफ भी मौके पर था। इस दौरान पुलिस ने मौके से कई तरह के सुराग जुटाने की कोशिश की। थाने के ASI बलवंतसिंह ने बताया कि मरने वाले युवक की लंबाई करीब साढ़े 5 फीट और रंग सांवला है।

उसने प्रिंटिंग वाली लाल रंग की बनियान पहन रखी है।शव से ताजे खून के निशान भी दिख रहे थे। इससे कयास लगाया जा रहा है कि हत्यारों ने पुल के ऊपर से ही युवक का हाथ-मुंह बांधकर पानी में फेंका होगा।

## 52 IAS अफसरों के तबादले

**जयपुर।** राजस्थान सरकार ने जयपुर और जोधपुर सहित 22 जिलों के कलेक्टर बदल दिए हैं। 52 IAS के तबादलों का आदेश कार्मिक विभाग ने जारी किया। अलवर जिला कलेक्टर नंनुमल पहाड़िया को नहीं बदला गया है। उन्हें बदलने की चर्चाएं चल रही थीं। अलवर में नाबालिग मूक बधिर बच्ची से रेप और यौन हमले के मामले ने तूल पकड़ लिया है।

देशभर में मामले पर सियासत गरमाई हुई है। अलवर जिला कलेक्टर पर छात्राओं को धमकाने और उनके पेरेंट्स के फोन नम्बर मांगने के भी आरोप बीजेपी ने लगाए हैं। अलवर कलेक्टर का तबादला नहीं करने के पीछे रणनीतिक वजह बताई जा रही है। बताया जाता है कि सरकार अभी उनका तबादला करती तो सीधे तौर पर रेप केस से जोड़कर इसे देखा जाता। इसलिए तबादला नहीं किया गया। अलवर कलेक्टर प्रमोटी IAS हैं, जबकि इस जिले में अब तक डायरेक्ट IAS बने अफसर ही कलेक्टर बनाए जाते रहे हैं। अलवर एनसीआर में आने वाला राजस्थान का जिला है।

## अपने पिता को छोड़ कर वापस घर लौट रहे बाइक सवार युवक को एक बोलेरो कार ने टक्कर मार दी

### हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**डूंगरपुर।** जिले के बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे 48 पर अपने पिता को छोड़ कर वापस घर लौट रहे बाइक सवार युवक को एक बोलेरो कार ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई।


पुलिस के अनुसार बलवाड़ा गांव निवासी 21 वर्षीय नानूराम बरंडा अपने पिता रणछोड़लाल बरंडा को अहमदाबाद जाने के लिए नेशनल हाईवे 48 पर बिछीवाड़ा थाने के सामने छोड़ने गया था। पिता को छोड़कर वापस लौट रहे नानूराम की बाइक को बिछीवाड़ा बस स्टैंड के पास एक बोलेरो कार ने टक्कर मार दी।

हादसे के बाद बोलेरो चालक गाड़ी को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। टक्कर से बाइक सवार नानूराम बुरी तरह से घायल हो गया जिसे बिछीवाड़ा अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बिछीवाड़ा थाना पुलिस की सूचना पर मृतक नानूराम के परिजन बिछीवाड़ा अस्पताल पहुंचे। इसके बाद पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए नानूराम का शव डूंगरपुर जिला अस्पताल की मोर्चरी में लाया गया जहां पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। फिलहाल बिछीवाड़ा थाना पुलिस ने परिजनों द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज करते हुए बोलेरो कार को जप्त कर लिया है वहीं फरार बोलेरो चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### केन्द्र को सिफारिश भेजेगी गहलोत सरकार

# अलवर दुष्कर्म की जांच करेगी सीबीआई

**जयपुर।** राजस्थान सरकार के लिए गले की फांस बनी अलवर बलात्कार मामले को अब केंद्रीय जांच ब्यूरो यानी सीबीआई को सौंपने की अनुशंसा कर दी गई है। इससे पहले इस पर खूब सियासत हो रही थी। भाजपा राज्य सरकार और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर हमलवार हो रही थी।



स्थानीय पुलिस और मेडिकल जांच रिपोर्ट को भी लेकर कई प्रकार के सवाल उठ रहे थे। अब राजस्थान सरकार की ओर से इसे सीबीआई से जांच कराने के लिए कहा गया है।बता दें कि पीड़ित की मां और बहन ने इसे मामले को दबाने की कोशिश बताया है। पीड़िता की बहन और मां के मुताबिक अगर रेप नहीं हुआ तो बच्ची को गंभीर चोटें कैसे आईं, पीड़ित की बहन और मां का आरोप है कि पुलिस-प्रशासन मामले में बार बार अपना बयान बदल रहे हैं। पीड़िता की बहन के मुताबिक, एसपी तेजस्वनी गौतम रेप की बात कह रही थी, बाद में अचानक हादसा बताने लगीं। इससे पहले भी बीजेपी सांसद दिया कुमारी ने अलवर केस की सीबीआई जांच की मांग की है। उन्होंने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखकर कहा है कि मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है। सीएम गहलोत ने इस मामले में पीड़ित परिवार की मांग पर सीबीआई या किसी भी एजेंसी से जांच कराने की बात कही है। गहलोत ने ट्वीट किया कि अगर पीड़ित परिवार चाहे तो वो क्राइम ब्रांच, स्ढ्ढञ्ज या CBI जांच की मांग कर सकते हैं।

## मंत्री टीकाराम जूली ने अलवर में पीड़िता के परिवार से घर पर की मुलाकात

**जयपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता एवं कारागार विभाग मंत्री टीकाराम जूली रविवार को अलवर में 11 जनवरी को विमंदित बालिका के साथ हुई दु:खद घटना की पीड़िता के परिजनों से घर पर जाकर मिले। जूली ने घटना पर गहरा दु:ख जताते हुए परिजनों से कहा कि राज्य सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी हुई है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत इस मामले की गंभीरता को समझते हुए स्वयं पूरे प्रकरण की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि घटना की पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता से जांच कराई जा रही है। पुलिस को निर्देशित किया है कि मामले का जल्द से जल्द खुलासा करें। दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नही जाएगा। पुलिस हर पहलू को दृष्टिगत रखकर बारीकी से मामले की जांच कर रही है। इस दौरान उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत इस घटना को लेकर बेहद संवेदनशील है।

उन्होंने घटना संज्ञान में आते ही पुलिस महानिदेशक को त्वरित और निष्पक्ष जांच करने के निर्देश दिए है।

## REET में नकल वाली चप्पल बनाने वाले से पुलिस ने मांगी रिश्वत

# एसीबी के सिपाही को मारा गंगा शहर बीकानेर पुलिस ने, एसपी ने किया थानेदार समेत 3 को लाइन हाजिर

**जयपुर/बीकानेर।** REET में चप्पल से नकल कराने के मामले में एक आरोपी से भारी भरकम रिश्वत मांगने का मामला सामने आया है। इतना ही नहीं, इस शिकायत पर जयपुर ACB की टीम कार्रवाई करने पहुंची तो उसके साथ बीकानेर की गंगा शहर पुलिस ने मारपीट की। इसके बाद से गंगा शहर थानाधिकारी राणीदान सहित तीन पुलिसकर्मी लापता हैं। पुलिस अधीक्षक ने राणीदान सहित 3 पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया है।REET में नकल के मामले में दिल्ली के सुरेंद्र धारीवाल पर आरोप था कि उसने ही हाईटेक चप्पल तैयार की थी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था। पिछले दिनों सुरेंद्र की जमानत हो गई। उसने गंगा शहर पुलिस से जब्त सामान की डिमांड की। पुलिस ने उसे आधा-अधूरा सामान दिया। पुलिस ने रुपए की डिमांड की। सुरेंद्र ने इस मामले में शिकायत ACB मुख्यालय में कर दी। जयपुर से एक कॉन्स्टेबल भी बीकानेर आ गया। इस कॉन्स्टेबल ने सारे घटनाक्रम की गुप्त तरीके से जांच शुरू कर दी। साधारण वर्दी में ये कांस्टेबल थाने की गतिविधियों पर नजर रखे हुए था। इसी दौरान थाने के कॉन्स्टेबल ने उसे पकड़ लिया। उसके साथ मारपीट की गई। आरोप है कि उसके पास वॉयस रिकार्डर था, जिसे छीन लिया गया। इसी कारण गंगा शहर पुलिस को पता चला कि जिस युवक को पकड़ा गया है, वो ACB जयपुर का कॉन्स्टेबल है। उसने ACB मुख्यालय पर सारे घटनाक्रम की जानकारी दे दी। इसके बाद से गंगा शहर थानाधिकारी राणीदान उज्जवल, एएसआई जगदीश बिश्नोई और कॉन्स्टेबल राजाराम थाने में नहीं हैं। सुरेंद्र धारीवाल ने दैनिक भास्कर को बताया कि सात जनवरी को सामान लेने आया था। तब कहा गया कि संबंधित अधिकारी नहीं हैं। इसके बाद 14 जनवरी को मेरी सुनवाई थी। तब भी आया तो एएसआई सुरेंद्र बिश्नोई ने तीन बार बुलाकर भी आधा सामान दिया। बाकी सामान मांगा तो कहा गया कि थानेदार राणीदान ही बाकी सामान देंगे, आपसे पैसे की बात भी करेंगे। ACB जयपुर चतुर्थ के कॉन्स्टेबल इंद्र सिंह ने गंगा शहर थाने में लिखित शिकायत दी कि उसके साथ मारपीट की गई।






उसका सामान छीनने का आरोप भी लगाया गया है। गंगा शहर पुलिस ने इस आशय का मामला दर्ज करके जांच शुरू की है। इस मामले में गंगा शहर थानेदार राणीदान उज्जवल, एएसआई जगदीश बिश्नोई व कॉन्स्टेबल राजाराम को लाइन हाजिर कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक योगेश यादव ने इस संबंध में रविवार देर शाम आदेश जारी कर दिए।